## सार-समाचार

### भगवती जागरण आज

**कोटा, (निसं)।** रंगबाड़ी रोड स्थित श्री सिद्ध शक्तिपीठ मंगलेश्वरी मठ में भगवती राजराजेश्वरी मंगला काली मैया की 20वीं वर्षगांठ बड़े ही धूमधाम से मनाई जाएगी। मठ के व्यवस्थापक भुवनेश्वर शर्मा (चच्चू भैया) ने बताया कि पंच खंड द्वादश पीठाधीश्वर गुरुदेव दंडी स्वामी कालीकानंद सरस्वती महाराज के आशीर्वाद से व मंगलेश्वरी मठ के महंत आनंद धाम पीठाधीश्वर दंडी स्वामी नर्मदानंद सरस्वती (रंजीतानंद महाराज) के सानिध्य में श्रद्धापूर्वक धूमधाम से मनाई जाएगी। शर्मा ने बताया कि 30 मई शुक्रवार को प्रातः मां भगवती का विद्वान ब्राह्मणों द्वारा अभिषेक व पूजा अर्चना होगी। शाम 4 बजे मां भगवती का विशेष दिव्य श्रृंगार होगा वही रात्री 8 बजे ढोल नगाड़ों व आतिशबाजी के साथ मां की महाआरती की जाएगी वही 8.30 से भजन संध्या और प्रसाद वितरण किया जाएगा। मंगलेश्वरी मठ व्यवस्थापक भुवनेश्वर शर्मा ने सभी भक्तों से आग्रह किया है कि मां भगवती के उत्सव में हम सब एकत्रित होकर धर्म लाभ प्राप्त करें। रंगबाड़ी रोड़ स्थित श्री सिद्ध शक्ति पीठ मंगलेश्वरी मठ में मां भगवती मंगला काली के 18वीं वर्षगाँठ हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंगलेश्वरी मठ परिवार बड़े ही धूमधाम से गुरुदेव द्वादश पीठाधीश्वर दण्डिस्वामी कालिकानंद सरस्वती महाराज के आशीर्वाद से महंत स्वामी रंजीतानंद सरस्वती महाराज के सानिध्य में उत्सवपूर्वक धूमधाम से मनाया जाएगा। मठ के व्यवस्थापक भुवनेश्वर शर्मा ने बताया कि मंगलवार को प्रातः 11 बजे विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ माँ भगवती का अभिषेक किया जाएगा। सांय 4 बजे भगवती का भव्य श्रृंगार एवं सांय 7-30 बजे विशाल खप्पर आरती ढोल नगाड़े एवं आतिशबाजी के साथ की जाएगी। आरती के पश्चात भगवती का विशाल जागरण भजन गायक अभिषेक शर्मा एवं ऋषभ दुबे द्वारा किया जाएगा तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### 'धान की एमएसपी पर सबसे कम मात्र 69 रुपए की मामूली बढ़ोतरी घोर निराशाजनक है'

**कोटा, (निसं)।** भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज दुबे ने धान की एमएसपी पर सबसे कम मात्र 69 रुपए की मामूली बढ़ोतरी को घोर निराशाजनक बताया है। मनोज दुबे ने कहा की सरकार ने 14 खरीफ फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया है। जिसमे धान की एमएसपी सबसे कम मात्र 69 रुपए बढ़ाकर 2369 प्रति क्विंटल की गई है। जो किसानों के साथ धोखा है। वहीं सोयाबीन पर भी मात्र 436 रुपए समर्थन मूल्य बढ़ाकर 5328 प्रति क्विंटल किया गया है। जो ऊंट के मुँह में जीरे के समान है। मनोज दुबे ने कहा की सोयाबीन का समर्थन मूल्य कम से कम 8000 रूपये व धान का 3500 रूपये क्विंटल होना चाहिए थाकिसान लगातार सोयाबीन व धान का समर्थन मूल्य बढ़ाए जाने की मांग कर रहे है। केंद्र सरकार किसानों को फसल की लागत का कम से कम 50 प्रतिशत अधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य देने की बात करती हैलेकिन केंद्र सरकार किसानों को फसल की लागत का डेढ़ गुना दाम दिलाने का वायदा पूरा करने में पूर्ण रूप से असफल रही है। मनोज दुबे ने कहा की खेती की बढ़ती लागत के अलावा किसान एमएसपी से कम रेट पर बिकती फसलों से भी परेशान हैं। खेती के लिए किसान जिन चीजों का उपयोग कर रहा है, उनकी कीमत बढ़ती जा रही है लेकिन एमएसपी महंगाई के हिसाब से नहीं बढ़ रही है। आज देश के किसानों को फिर एक बार फिर से मोदी सरकार ने निराश किया है।

### चहक ने 96.50 प्रतिशत अंक लाकर किया नाम रोशन

**रामगंजमण्डी, (निसं)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 28 मई बुधवार को घोषित किए गए दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में ह्यूदान मॉडल सेकंडरी स्कूल रामगंजमण्डी की छात्रा चहक गौतम पुत्री मधुसूदन गौतम माता कविता गौतम निवासी रामगंजमण्डी ने 600 में से 579 (96.50 प्रतिशत) अंक लाकर विद्यालय के टॉपर में भी तीसरा स्थान प्राप्त किया है। चहक गौतम ने विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। स्कूल प्रबंधन व सभी शुभचिंतकों ने बधाई देते उसके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की।

### मेधावी छात्र का सम्मान किया

**बून्दी (निसं)।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा आयोजित माध्यमिक परीक्षा में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तीरथ के छात्र शिवम मीणा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र ने 99 फिसदी अंक प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया।


**कार्यालय नगर निगम, कोटा-दक्षिण, कोटा, राजस्थान**

क्रमांक:-ननिको-द./उपायुक्त जोन द्वितीय/भ.नि.अनु./2025/2341 दिनांक: 28.5.25

**स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री महेश कुमार ब्रजवानी एवं श्री धर्मेन्द्र कुमार ब्रजवानी पिसरान स्व. श्री भजन लाल निवासी 910 महावीर नगर द्वितीय कोटा द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर भूखंड संख्या 910 महावीर नगर द्वितीय योजना कोटा क्षेत्रफल 1579.13 वर्गफुट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण करने का आवेदन किया है। भूखंड संख्या 910 महावीर नगर द्वितीय कोटा क्षेत्रफल 1579.13 वर्गफुट की लीज-डीड क्रमांक 552 दिनांक 24.08.2009 से कार्यालय नगर निगम कोटा द्वारा श्री भजन लाल पुत्र स्व. श्री मंघिर लाल के पक्ष में जारी की गई है। श्री भजन लाल की मृत्यु दिनांक 27.04.2024 को हो चुकी है। श्री भजन लाल द्वारा पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 09.05.2019 से भूखंड संख्या 910 महावीर नगर द्वितीय कोटा की वसीयत आवेदक श्री महेश कुमार ब्रजवानी एवं श्री धर्मेन्द्र कुमार ब्रजवानी के पक्ष में की गई है। उक्त भूखंड संख्या 910 महावीर नगर द्वितीय कोटा आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण उक्त भूखंड के स्वामित्व नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है।

उक्त भूखंड का स्वामित्व नाम हस्तान्तरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त द्वितीय कक्ष में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण



**कार्यालय नगरपालिका छबड़ा जिला बारां (राज.)**

क्रमांक:-न.पा.छ./2025/2612 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक:-28.5.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका छबड़ा द्वारा छबड़ा क्षेत्र में स्थित भूखंड/मकान के नामान्तरण हेतु नगरपालिका कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत है। निम्न भूखंड/मकान का नामान्तरण/हस्तान्तरण किये किये जाने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रमाण पत्र के अंदर म्याद 07 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर दें। समयावधि गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. सं. | नाम सम्पत्ति मालिक जिसके नाम दस्तावेज अनुसार सम्पत्ति है। एवं पता सम्पत्ति जहां स्थित है। | आवेदनकर्ता का नाम जो दस्तावेजों के आधार पर सम्पत्ति स्वयं के नाम दर्ज करवाना चाहता है। |
|---|---|---|
| 1 | श्री रामचरण आत्मज श्री मांगीलाल जाति धाकड निवासी रावां तहसील छीपाबडौद जिला बारां (राज.) दुर्गापुरी कालोनी में प्लॉट सं. 124 साइज 20x40=800 वर्गफीट (88.88 वर्गगज) | श्रीमती मांगी बाई पत्नी श्री रामचरण, आरती बाई सुनीता बाई, खुशबु पुत्री श्री रामचरण एवं श्री विनोद कुमार नागर आत्मज श्री रामचरण जाति धाकड निवासी रावां तहसील छीपाबडौद जिला बारां (राज.) दुर्गापुरी कालोनी में प्लॉट सं. 124 साइज 20x40=800 वर्गफीट (88.88 वर्गगज) (श्री रामचरण आत्मज श्री मांगीलाल की मृत्यु उपरांत नामान्तरण हेतु) |

नोट:-उपरोक्त हस्तान्तरण के सम्बंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह प्रकाशन तिथि से 07 दिवस तक अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज नगर पालिका छबड़ा में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि गुजरने के बाद कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका छबड़ा



**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/349 **विज्ञप्ति** दिनांक:-29.05.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम खेडली पुरोहित योजना "बालाजी टाउन" खसरा नं. 3/300 में स्थित भूखण्ड संख्या सी-9 के नाम हस्तान्तरण करने हेतु न्यास कार्यालय में श्रीमती रूपाली ठाकुर पत्नि श्री बृजराज निवासी-26, पो.ओ. पृथ्वीपुर खेडा, बालुवाला विकास नगर देहरादून उत्तराखण्ड द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 936 दिनांक 18.02.2013 को श्रीमती शारदा राणा पत्नी श्री यशपाल राणा के पक्ष में जारी किया गया था। आवेदक द्वारा संलग्न मृत्यु प्रमाण पत्र के अनुसार पट्टेधारी श्रीमती शारदा राणा की मृत्यु दिनांक 03.01.2025 को हो चुकी है। पट्टेधारी श्रीमती शारदा राणा की मृत्यु उपरांत आवेदिका द्वारा प्रस्तुत (1) शपथ-पत्रों (2) मृत्यु प्रमाण-पत्र एवं (3) वार्ड पार्षद द्वारा विधिक वारिसान घोषणा पत्र के आधार पर नाम हस्तांतरण चाहा गया है।

अतः श्रीमती रूपाली ठाकुर पत्नि श्री बृजराज के नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा



**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/348 **विज्ञप्ति** दिनांक:-29.05.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम कोटड़ी योजना "बजरंग नगर" खसरा नं. 123 में स्थित भूखण्ड संख्या 275 पैमाईश 222.22 वर्गगज के नाम हस्तान्तरण करने हेतु न्यास कार्यालय में नितिका कपूर पुत्री श्री ज्ञानेश्वर कपूर निवासी मकान नं. 275 बजरंग नगर पुलिस लाईन कोटा राजस्थान द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 60 दिनांक 14.12.2012 को श्रीमती आभा कपूर पत्नी श्री ज्ञानेश्वर कपूर के पक्ष में जारी किया गया था। आवेदिका द्वारा संलग्न मृत्यु प्रमाण पत्र के अनुसार पट्टाधारी की मृत्यु दिनांक 01.04.2025 को हो चुकी है। पट्टाधारी द्वारा अपने जीवनकाल में एक पंजीकृत वसीयत दिनांक 21.06.2021 को अपनी पुत्री नितिका कपूर पुत्री श्री ज्ञानेश्वर कपूर के पक्ष में आलेखित की गई थी। आवेदिका द्वारा संलग्न पंजीकृत वसीयत, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्रों के आधार पर अपने पक्ष में नाम हस्तांतरण चाहा गया है।

अतः नितिका कपूर पुत्री श्री ज्ञानेश्वर कपूर के नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा


# कोटा में विधायक बालमुकुंद आचार्य का रास्ता रोकने की कोशिश, कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया

**कोटा, (निसं)।** कांग्रेस ने जयपुर के हवामहल से विधायक बालमुकुंद आचार्य पर तिरंगे के अपमान का आरोप लगाया है। गुरुवार को बालमुकुंद आचार्य कोटा में महाराणा प्रताप जयंती कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंच रहे थे।

इसी दौरान बड़गांव के नजदीक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका रास्ता रोकने की कोशिश की। हालांकि इसकी पहले से पुलिस को जानकारी थी। ऐसे में बड़ी संख्या में पुलिस जाप्ता मौके पर पहले ही पहुंच गया। इन कांग्रेसियों को हिरासत में लिया गया। इसके आधे घंटे बाद बालमुकुंद आचार्य इस रास्ते से निकले। कांग्रेस नेता विपिन बरथुनिया और नीरज शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ता बड़गांव के नजदीक बालमुकुंद आचार्य का रास्ता रोकने का प्रयास किया। इस दौरान कांग्रेसी हटने को तैयार नहीं थे। इस पर पुलिस ने जबरदस्ती करते हुए इन्हें मौके से हटाना शुरू कर दिया। विपिन बरथुनिया जमीन पर लेट गए।

पुलिस ने उन्हें खींचते हुए हिरासत में ले लिया। इसके बाद पुलिस वैन में उन्हें बैठा दिया। बाद में कांग्रेसियों ने नांता थाने पर ही आमरण अनशन शुरू कर दिया और आरोप लगाया कि पुलिस उनके खिलाफ जबरन मुकदमा दर्ज कर रही है। घटना के बाद कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र त्यागी भी नांता थाने पर पहुंचे और कांग्रेसियों और पुलिस से चर्चा की। मामले पर एडिशनल एसपी दिलीप सैनी ने कहा कि रास्ता अवरुद्ध करके न्यूसेंस करने की कोशिश की थी। समय से इसकी जानकारी मिल गई थी। जिस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हटा दिया गया था। मौके से उन्हें हिरासत में भी लिया गया था। फिलहाल किसी तरह का कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया है। थाने में अनशन या अन्य कुछ घटनाक्रम होता है तब मुकदमा भी दर्ज किया जा सकता है।

**इधर लगा मारपीट का आरोपः-** वहीं कोटा महाराणा प्रताप रैली के बंदोबस्त के दौरान कैथूनीपोल इलाके में एक दुकान के बाहर फैले सामान को हटाने को लेकर विवाद हो गया। विवाद में हुई धक्का-मुक्की में दुकान पर काम करने वाला कर्मचारी अचेत हो गया। जिसके बाद मौके पर काफी लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। वहीं मामले की जानकारी मिलते ही शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी भी मौके पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार कैथूनीपोल इलाके में स्थित एक फैब्रिकेशन की दुकान के बाहर सामान फैला हुआ था। रैली के बंदोबस्त में लगे कैथूनीपोल थानाधिकारी ने दुकान के बाहर फैले सामान को हटाने के लिये दुकान पर काम कर रहे कर्मचारी से सामान हटाने को बोला। लोगों व दुकान मालिक का आरोप है कि थानाधिकारी ने सामान हटाने को लेकर कर्मचारी रिजवान से मारपीट की जिससे वह अचेत हो गया। वहीं कैथूनीपोल थानाधिकारी ने मारपीट के आरोप को निराधार बताते हुए कहा कि सामान हटाने को कहा था। इस मामले में शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी ने कहा कि मारपीट की कोई शिकायत मिलती है तो मामले की जांच की जायेगी।



कोटा में विधायक बालमुकुंद आचार्य विरोध कर रहे कांग्रेसियों को हिरासत में लिया गया।

### अवध एक्सप्रेस के पेंट्रीकार में 41 किलो कच्चा खाद्य सामग्री जब्त

**कोटा, (निसं)।** मंडल में ट्रेनों एवं स्टेशनों पर सक्रिय अवैध वेंडरों पर अभियान चलाकर नियमित कार्यवाही की जा रही है साथ खानपान स्टालों एवं पेंट्रीकार द्वारा यात्रियों को मुहैया की जाने वाली खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता का निरीक्षण किया जा रहा है। 29 मई को मंडल वाणिज्य प्रबंधक किशोर कुमार पटेल ने जांच दस्ते की टीम के साथ गाड़ी संख्या 19037 बांद्रा टर्मिनल-बरौनी अवध एक्सप्रेस के पेंट्रीकार में औचक निरीक्षण किया इस निरीक्षण के दौरान नियम विरुद्ध पेंट्रीकार में 9 किलो पोहा, 25 किलो पीला चावल, 7.2 किलो दाल (कुल 41 किलो कच्चा खाद्य सामग्री) पाया गया साथ ही 100 एमएल के 9 पैकेट, 50 एमएल के 20 पैकेट चाय के कप (1900 नग) एवं अनअप्रूव्ड 600 एमएल में गैंग्रो ड्रिंक्स के 11 बोतल जब्त किए गए। अवध एक्सप्रेस के लाईसेंसी पर तत्काल कार्यवाही कर 11 हजार रूपए का जुर्माना वसूल किया गया। इसके अतिरिक्त 9 बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों को पकड़ा गया जिनसे 3,370 रूपये का जुर्माना राशि वसूला गया। डीसीएम किशोर पटेल साथ मुख्य खानपान निरीक्षक हंसराज बैरवा, मंडल वाणिज्य निरीक्षक भगवत सिसोदिया, टीटीई दीपक शर्मा, गोखलेश एवं तोरण सिंह रहे।

# एनसीसी कैडेटों के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**कोटा, (निसं)।** 7 राज गर्ल्स बटालियन एनसीसी कोटा द्वारा 27 मई से 5 जून 25 तक महर्षि गौतम सामुदायिक भवन, रंगबाड़ी, कोटा में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है जिसमे कुल 237 कैडेट्स भाग ले रहे हैं। दस दिनों के शिविर के दौरान कैडेटों को फुट ड्रिल, हथियार प्रशिक्षण, राइफल शूटिंग और विभिन्न एनसीसी विषयों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

एसडीआरएफ और कोटा पुलिस जैसी महत्वपूर्ण एजेंसियों के माध्यम से व्याख्यान और प्रदर्शन की योजना बनाई गई है।

समय प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा और हताहतों को निकालने के प्रावधान के लिए भी व्याख्यान की योजना बनाई गई है। भारतीय नौसेना के शौर्य चक्र पुरस्कार विजेता, पीओ गुलाब सिंह चौहान (सेवानिवृत्त) द्वारा प्रेरक वार्ता भी की जाएगी।

कैडेटों के उत्कृष्टता के लिए सेना इकाई का दौरा आयोजित किया जा रहा है। विभिन्न विषयों जैसे खेल, साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अंतर-कंपनी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। कैडेटों के चयन टीएसएस और आरडीसी जैसे भविष्य के शिविरों के लिए ड्रिल और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए किया जाएगा।



7 राज गर्ल्स बटालियन एनसीसी कोटा का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है।

## सार-समाचार

### तिरंगा यात्रा का आयोजन

**नैनवां (निसं)।** भाजपा की और से शहर में ऑपरेशन सिंदूर" की सफलता पर वीर जवानों के सम्मान व स्वाभिमान में भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम की सफलता पर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया जिसमें बडी संख्या में शहर व ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ता, पदाधिकारी शामिल हुए।रैली में भारत माता की जय वंदेमातरम के नारे गूंजे।तिरंगा रैली शाम साढे 6 बजे नगर पालिका प्रांगण से रवाना हुई जो देई पोल चुंगी नाका, अंबेडकर सर्किल,लोहडी चोहटी , मुख्य बाजार, चारभुजा मंदिर ,दपोला, बुर्ज के बालाजी,तालाब की पाल होती हुई भगत सिंह सर्किल पहुंची जहां रैली का समापन हुआ।रैली में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा,भाजपा जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा, पूर्व जिला अध्यक्ष कुंज बिहारी बिल्या, वरिष्ठ भाजपा नेता हेमराज नागर, नैनवा शहर मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा रंगीला, तिरंगा यात्रा हिंडोली विधानसभा संयोजक सुरेंद्र नागर, जिला परिषद सदस्य शक्ति सिंह आशावत, ग्रामीण भाजपा मंडल अध्यक्ष राधा कृष्ण सैनी, हिंडोली मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह सोलंकी और फौजी भाई सहित बडी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।रैली के दौरान कार्यकर्ता व पदाधिकारी हाथों में तिरंगा लिए हुए थे।

### भागवत कथा का शुभारंभ

**बूंदी (निसं)।** संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा विधिवत पूजा अर्चना के बाद हनुमान धर्मशाला से शुरू हुई जो कोटा रोड होते हुए नगर पालिका की गली गोपीनाथ स्थल पहुंची। कलश यात्रा में रथ पर सवार महामंडलेश्वर महंत लक्ष्मण दास महाराज मुंबई वाले, बाबा बालक नाथ बाबा श्रवण दास, बाबा राम लखन दास, वह कथा ज्ञान यज्ञ पंडित शिव लहरी दीक्षित विजयगढ़ वाले विराजमान थे। भागवत को सिर पर धारण किए रुद्रेश दाधीच सपत्नी लेकर चल रहे थे, महिलाएं कलश लिए मंगल गान करते हुए चली। कलश यात्रा का मार्ग में पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। कलश यात्रा में नितेश शर्मा नीटू, अशोक तलवास, बाबूलाल कालपुरिया, मुकेश दुबे, मोहन लाखेड़ा, महेश जिन्दल, हेमन्त शर्मा, श्याम त्रिपाठी, जगदीश प्रसाद शर्मा आदि मौजूद रहे।

### ट्रेन के आगे कूदकर छात्र ने सुसाइड किया

**कोटा, (निसं)।** उद्योग नगर थाना इलाके में बुधवार शाम को दसवीं कक्षा के एक छात्र ने ट्रेन के आगे कूदकर सुसाइड कर लिया। पुलिस ने गुरुवार को मृतक छात्र के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। उद्योग नगर थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि विज्ञान नगर के नागपाल इन्द्रा कॉलोनी निवासी (17) वर्षीय छात्र ने संजय नगर रेलवे क्रॉसिंग पर जाकर सुसाइड कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि मृतक छात्र के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। थानाधिकारी ने बताया कि प्रथम दृष्टा से दसवीं बोर्ड में कम पर्सेंट आने का मामला सामने आ रहा है। थानाधिकारी ने बताया कि मामला दर्ज कर सुसाइड के पीछे के कारणों की जांच की जा रही है।

### मोबाइल शॉप में चोरों ने हाथ साफ किया

**कोटा, (निसं)।** महावीर नगर थाना इलाके में बुधवार देर रात्रि को एक मोबाईल शॉप में अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिया। दुकान में चोरी की घटना का पता दुकानदार को गुरुवार सुबह चला, जिसके बाद दुकान के मालिक ने चोरी की रिपोर्ट महावीर नगर थाने में दर्ज कराई। महावीर नगर थानाधिकारी रमेश कविया ने बताया कि इलाके के सब्जाट चौराहे पर स्थित एक मोबाईल शॉप मे चोरी का मामला सामने आया है। दुकान मालिक दीपक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात चोर दुकान के शटर को ऊंचा करके दुकान के अंदर घुसे और गल्ले में रखी नकदी व रिपेयरिंग के लिये आये मोबाईल लेकर फरार हो गया। दुकान मालिक की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर अज्ञात चोरो की तलाश शुरू कर दी हैं।

# तिरंगा यात्रा में देशभक्ति ने नारे गूंजे

**छबड़ा (निसं)।** पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न जारी है, भाजपा की ओर से देश के वीर जवानों, सैन्य बलों और केंद्र की मोदी सरकार के समर्थन में लगातार तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को यहां तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा गायत्री मन्दिर से शुरू हुई, जो धरनावदा चौराहा, आजाद सर्किल, अहिंसा सर्किल होती हुई पंचायत समिति परिसर में पहुंचकर सम्पन्न हुई। यहां स्वतंत्रता सेनानियों, भूतपूर्व सैनिकों एवं संतों का सम्मान किया। इस दौरान बडी संख्या में लोगो ने हाथों में तिरंगा लेकर देश के वीर जवानों के समर्थन में नारेबाजी की। तिरंगा यात्रा में देशभक्ति के नारे गूंज रहे थे।

इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि हमारे सैन्य बलों ने पाकिस्तान की नापाक हरकत का मुंहतोड़ जवाब दिया है, यह नया भारत है, हमारी बहन-बेटियों का सिंदूर उजाड़ने वालों को मिट्टी में मिल जाएगा, हमारे वीर जवानों ने जिस बहादुरी का परिचय दिया है। वह एक मिसाल है। हमें देश की एकता और अखंडता को अक्षुण रखने का भी संकल्प लिया।

यात्रा में संयोजक प्रधान हरिओम नागर, गाडरवाडा धाम के संत दीपक पारीक, केशोली आश्रम से राजेशपुरी महाराज, मण्डखो आश्रम से देवदास महाराज, हनुमतखेड़ा आश्रम से जनकदास महाराज, शेखापुर आश्रम से हरीशचरण महाराज, लक्ष्मण टेकरी आश्रम से नारायण गिरी महाराज सहित भूतपूर्व स्वतंत्रता सेनानी राधेश्याम भार्गव, भूतपूर्व सैनिक बाबूलाल मेघवाल, घनश्याम मीणा, द्वारका प्रसाद शर्मा, मुकेश मेहरा, केसरी लाल व यात्रा जिला संयोजक मुकेश केरवालिया, तिरंगा यात्रा विधानसभा प्रभारी महाराज सिंह सिंघवी, जिला महामंत्री ब्रह्मानंद शर्मा, विधानसभा सहसंयोजक महावीर नामा आदि शामिल हुए। गाडरवाडा धाम के संत ने कहा कि हमारे देश की सैन्य शक्ति किसी से कम नहीं है, हम हमेशा अपने देश की हर परिस्थिति मे सम्मान करना चाहिए।



छबड़ा में वीर जवानों, सैन्य बलों और केंद्र की मोदी सरकार के समर्थन में लगातार तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है।

### सभा स्थल का जायजा लिया

**कोटा, (निसं)।** 31 मई को कोटा में कांग्रेस शहर और देहात की ओर से संयुक्त रूप से होने वाली संविधान बचाओ रैली की तैयारी को लेकर पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल ने आकाशवाणी स्थित दाधीच मैरिज गार्डन पहुंचकर कांग्रेस शहर अध्यक्ष रविंद्र त्यागी व देहात कांग्रेस अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के साथ सभा स्थल का जायजा लिया। गुंजल ने कहा कि रैली में प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह जी डोटासरा व विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित कई कांग्रेसी नेता शामिल होंगे, कांग्रेस का कार्यकर्ता रैली की तैयारी को लेकर जोर-शोर से लगा हुआ है। गुंजल ने कहा कि भारत सरकार और तमाम सरकारी एजेंसियां मिलकर संवैधानिक परंपराओं का वायलेशन कर रही हैं समूचे राष्ट्र में इसको लेकर गुस्सा है कांग्रेस पार्टी देश में संविधान की परंपराओं का वायलेशन न हो और किसी को भी यह अधिकार न हो कि वह संविधान की परंपराओं का उल्लंघन करें, देश के जनमत को जगाने के लिए पूरे देश में संविधान बचाओ रैलियां कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व कर रहा है। शहर अध्यक्ष रविंद्र त्यागी ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है।

# नेत्र सर्जन डॉ. सुरेश पाण्डेय विजनरी इण्डियन अवॉर्ड्स से सम्मानित

**कोटा, (निसं)।** नई दिल्ली स्थित आकाशवाणी भवन के रंगमंच सभागार में आयोजित एक समारोह में सुविख्यात नेत्र चिकित्सालय कोटा के नेत्र सर्जन, प्रेरक वक्ता, लेखक और साइक्लिस्ट डॉ. सुरेश कुमार पाण्डेय को विजनरी इंडियन अवॉर्ड्स से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में किए गए उनके उत्कृष्ट, नवाचारी और समाजोपयोगी कार्यों के लिए प्रसिद्ध अभिनेत्री पूनम ढिल्लो द्वारा प्रदान किया गया।

मंच पर देश के अनेकों शहरों से विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए प्रतिष्ठित विद्वानों, समाजसेवियों और चिकित्सकों की उपस्थिति ने इस समारोह को गरिमामय बना दिया।

**■ डॉ. पाण्डेय की पुस्तक का भी हुआ विमोचन**

इस विशेष अवसर पर डॉ. सुरेश पाण्डेय की नवीनतम पुस्तक एंटरप्रेन्योरशिप फॉर डॉक्टर्स हाउ टू बिल्ड योर ओन सक्सेसफुल मेडिकल प्रैक्टिस का विमोचन भी हुआ।

इस पुस्तक के माध्यम से डॉ. पाण्डेय ने देश के लाखों युवा चिकित्सकों को एक नई दिशा देने का प्रयास किया है कि यह पुस्तक केवल पठन सामग्री नहीं है, बल्कि यह एक आव्हान है, एक प्रेरणा है कि युवा डॉक्टर केवल नौकरी तलाशने वाले न बनें, बल्कि आत्मनिर्भरता की राह पर चलकर अपने स्वयं के चिकित्सालय, क्लीनिक या चिकित्सा स्टार्टअप की नींव रखें और डॉक्टरप्रेन्योर बनें।




फिल्म अभिनेत्री पूनम ढिल्लो डॉ. सुरेश पाण्डेय को विजनरी इंडियन अवॉर्ड्स की ट्रॉफी प्रदान करते हुए।

### किसान की बेटी ने कमाल किया

**छबड़ा (निसं)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने दसवीं का परिणाम जारी कर दिया है। इस परीक्षा परिणाम में लड़कों के मुकाबले इस बार भी लड़कियों ने ही बाजी मारी है। भूलोन कि अंकिता मेहता ने इस बोर्ड परीक्षा परिणाम में 97.67 प्रतिशत अंक हासिल किए है।

अंकिता ने भूलोन के राजकीय सीनियर सेकंडरी स्कूल में पढ़ाई करते हुए अंग्रेजी में 99, मैथमेटिक्स में 96, साइंस में 99, संस्कृत में 98, हिंदी में 99 और सोशल साइंस में 95 नंबर प्राप्त किए हैं, अंकिता ने परीक्षा परिणाम में 600 में से कुल 586 अंक हासिल कर कस्बे में टॉप किया है। आपको बता दें कि अंकिता के पिता बृजमोहन मेहता कृषक हैं और माता राजकुमारी गृहणी हैं।

**स्कूल टीचर्स का मिला अच्छा सपोर्टः-** अंकिता ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया है, उन्होंने बताया कि स्कूल से आने के बाद रोजाना वह 6 से 7 घंटे सेल्फ स्टडी किया करती थी। स्कूल टीचर्स ने हमेशा उन्हें आगे बढ़ने और पढ़ने के लिए मोटिवेट किया।


**MANAPPURAM FINANCE LTD.**

CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

**निलामी सूचना**

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.06.2025 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुनः सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

कोटा, गुमान पुरा, 112700730061462, नयापुरा कोटा, 112380730037848,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु